# फतेहाबाद भास्कर

बुधवार 10 जनवरी, 2018 | माघ कृष्ण पक्ष-9, 2074




'सभी मनुष्य अपने स्वयं के दोष की वजह से दुखी होते हैं, और वे खुद अपनी गलती सुधार कर प्रसन्न हो सकते हैं.'

- भगवान महावीर



पप्पू के घर उसका विदेशी दोस्त आया और दरवाजे पर नीबू मिर्ची लटके देख चकराया और पूछा: ये क्या है? पप्पू: ये एंटी वायरस है।

## मौसम

| तापमान | दिन | रात |
|---|---|---|
| फतेहाबाद | 20.3 | 05.9 |
| बीते कल से घट/बढ़ | (+1.0) | (-1.0) |
| हिसार | 23.2 | 02.5 |
| सिरसा | 21.1 | 06.3 |

पूर्वानुमान: मौसम परिवर्तनशील बना रहेगा। धुंध पड़ने के आसार।

सूर्योदय कल प्रातः 07:26 | सूर्यास्त आज सायं: 05:49

# दिल्ली-बठिंडा ट्रैक पर डीजल इंजन होंगे बंद, रूट पर आज से दौड़ेंगी इलेक्ट्रिक ट्रेनें

### नार्दन रेलवे चीफ सेफ्टी कमिश्नर ने ट्रेनें चलाने को दी हरी झंडी, दिल्ली रेल मंडल प्रबंधक के साथ विशेष ट्रेन से जाखल पहुंचे

भास्कर न्यूज | जाखल

दिल्ली बठिंडा रूट पर अब डीजल इंजन बंद हो जाएंगे ओर इलेक्ट्रिक गाड़ियां चलेंगी। इसके लिए नार्दन रेलवे के चीफ रेलवे सेफ्टी कमिश्नर एसके पाठक ने इस रूट का निरीक्षण कर इलेक्ट्रिक ट्रेनें चलाने को अपनी हरी झंडी दी। नार्दन रेलवे चीफ सेफ्टी कमिश्नर एसके पाठक मंगलवार को दिल्ली रेल मंडल प्रबंधक आरएन सिंह के साथ अपनी विशेष ट्रेन से जाखल पहुंचे व दिल्ली से बठिंडा के बीच इलेक्ट्रिक ट्रेन चलाए जाने को लेकर किए गए कार्य की बारीकी से जांच की। जिस दौरान उन्होंने यहां पर किए गए कार्य को रेलवे मैनुअल के मुताबिक अत्यंत उत्तम बताया।

दोपहर 12 बजे निर्धारित समय से आयुक्त करीब एक घंटा देरी से पहुंचे। सुरक्षा आयुक्त के आगमन को लेकर स्टेशन पर रहा गहमा गहमी का माहौल रहा। हर रेल कर्मी जहां पूरी वर्दी, व अपनी पोजिशन में रहा वहीं स्टेशन पर साफ सफाई व सुरक्षा व्यवस्था भी चाक चौबंद रही। सुरक्षा आयुक्त पाठक ने जहां पहले जाखल कुलां भूना मार्ग पर बने ओवर ब्रिज का निरीक्षण किया तो वहीं उसके बाद करीब पौने पांच करोड़ रुपये की लागत से बनाए गए रैंपयुक्त फुट ओवर ब्रिज, पदगामी पुल पर चढ़कर भी इसका जायजा लिया। उन्होंने कहा कि रेल यात्रियों की सुरक्षा को लेकर रेलवे पूरी तरह से गंभीर है। किसी भी स्थिति में यात्रियों की सुरक्षा से समझौता नहीं किया जाएगा।



नार्दन रेलवे चीफ रेलवे सेफ्टी कमीश्नर एसके पाठक, दिल्ली मंडल रेल प्रबंधक आरएन सिंह निरीक्षण करते हुए।

### ट्रेनों की गति में आएगी तेजी

रेलवे सुरक्षा आयुक्त एसके पाठक ने कहा कि इलेक्ट्रिक रूट बनाए जाने के बाद इस रूट पर ट्रेनों की गति में तेजी आएगी। जिसका सीधा लाभ आम यात्रियों को मिलेगा। 132 किमी. नरवाना से कटारवाला सिंह तक का एरिया का निरीक्षण किया है। निरीक्षण में कहीं भी कमी नहीं मिली है। बुधवार से ही इस रूट पर इलेक्ट्रिक ट्रेनें चला दी जाएंगी। पिछले साल के मुकाबले इस साल रेल दुर्घटनाओं में बहुत कमी आई है। पिछले साल 90 दुर्घटना थी जबकि इस साल 55 हुए हैं। सुरक्षा मानकों के मद्देनजर सभी कर्मियों को अलर्ट किया गया है। इस अवसर पर स्टेशन अधीक्षक सूरजभान शर्मा, ट्रैफिक इंस्पेक्टर प्रीतम नोनिवाल, एसपीएफ इंचार्ज रामफल, एसआई श्याम सुंदर, एनआरएमयू सचिव अरूण नेगिल, एसके मिश्रा, सीएस शर्मा सहित दिल्ली मंडल के विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### कच्चा आढ़तिया एसोसिएशन ने किया स्वागत

इलेक्ट्रिक रूट बनाए जाने को लेकर जाखल मंडी कच्चा आढ़तिया एसोसिएशन उप प्रधान सुरेश गर्ग पप्पू के नेतृत्व में आढ़ती व गणमान्य लोग रेलवे स्टेशन पर पहुंचे व उन्होंने इलेक्ट्रिक रूट बनाए जाने पर खुशी जताई। एसोसिएशन की ओर से सुरक्षा आयुक्त को मांग पत्र भी सौंपा गया जिसमें जाखल गांव से मंडी को जोड़ने वाले पुराने बंद किए गए फाटक संख्या 168 को पुनः खोलते हुए इस मार्ग पर अंडर पास बनाए जाने की मांग की। वहीं मांग पत्र में जाखल मंडी के गंदे पानी की निकासी को लेकर रेलवे ट्रैक के नीचे से पाइप लाइन गुजारे जाने की मंजूरी देने की भी मांग रखी। मांग पत्र में बांद्रा व शताब्दी एक्सप्रेस का जाखल में ठहराव, मंडी दिशा में टिकट खिड़की आदि भी रखी। जिस पर रेल अधिकारियों ने इस पर विचार करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर कृष्ण गर्ग, श्याम लाल गोयल, मदन लाल सिधानी, बलदेव जैन, भगवान दास, इत्यादि मौजूद रहे।

### विधवा ने लगाई नौकरी की गुहार

रेल अधिकारियों में उस समय सनसनी फैल गई जब रेल कर्मचारी की एक विधवा पत्नी व उसकी विधवा बेटी ने अधिकारियों के पैर पकड़ कर घर का गुजारा चलाने के लिए नौकरी की मांग की। नौकरी की मांग करते हुए पूजा ने बताया कि हादसे में उसके पिता व बीमारी के चलते उसके भाई की मौत हो चुकी है जोकि दोनों रेलवे कर्मचारी थे। अब उनका कोई सहारा नहीं है।



जाखल। रेल अधिकारियों से नौकरी की गुहार लगाते रेल कर्मी की विधवा पत्नी व बेटी।

## खबरें फटाफट

### हिंदी सत्याग्रहियों को फ्री यात्रा के लिए जारी होंगे स्मार्ट कार्ड

**फतेहाबाद** | हरियाणा सरकार द्वारा 1957 के हिंदी आंदोलन सत्याग्रहियों को हरियाणा परिवहन विभाग की बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान किए जाने की दिशा में सत्याग्रहियों को स्मार्ट कार्ड जारी किए जाएंगे। डीसी डॉ. हरदीप सिंह ने बताया कि जिला में पूर्व विधायक बलबीर चौधरी तथा रतिया के समाजसेवी कमल किशोर को यह सुविधाएं दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि वर्ष 1957 में हिंदी भाषा के लिए हुए आंदोलन में भाग लेने वाले सत्याग्रहियों को हरियाणा सरकार ने सम्मानित किया था व इनके लिए पेंशन प्रदान करने की व्यवस्था भी की गई है। सरकार द्वारा तैयार की गई सूची में शामिल हिंदी आंदोलनकारियों को निशुल्क बस यात्रा की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। इसके लिए उन्हें स्मार्ट कार्ड जारी करने की हिदायतें दी गई हैं। इस दिशा में जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी को भी हिंदी सत्याग्रहियों को निशुल्क बस पास की सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### कबीर धर्मशाला के पास पशु की टक्कर से व्यक्ति की मौत

**फतेहाबाद** | सरकारी अस्पताल के पास कबीर धर्मशाला के पास एक व्यक्ति मृत अवस्था में मिला। सुबह लोगों ने शव पड़ा देखा तो उसे अस्पताल पहुंचाया। मृतक की पहचान इटावा निवासी 40 वर्षीय के दयाशंकर लाल रूप में हुई है। बताया गया है कि मृतक को किसी पशु ने टक्कर मारी, जिससे उसकी मौत हो गई। बाद में रात भर सर्दी में पड़े रहने से उसका पूरा शरीर अकड़ गया। अभी तक मृतक का पोस्टमार्टम नहीं हुआ है। उसके बाद मौत का कारण पता चल पाएगा।

### मिस एंड मिसेज हरियाणा के ऑडिशन 20 को हिसार में

**हिसार** | मार्च में होने वाले मिस एंड मिसेज हरियाणा 2018 ब्यूटी पेजेंट का पहला ऑडिशन 20 जनवरी को हिसार में होगा। इस ऑडिशन में चयन के बाद प्रतिभागियों को दो महीने बाद होने वाले ग्रैंड फिनाले में भाग लेने का मौका मिलेगा। इंडिया इवेंट्स के तत्वावधान में मॉडल टाउन स्थित गोल्ड जिम में सुबह 11 बजे से होने वाले ऑडिशन में हरियाणा के सभी हिस्सों से प्रतिभागी भाग लेंगे। विभिन्न केटेगरी में होने वाले पेजेंट में सभी आयु वर्ग की युवतियां और महिलाएं भाग ले सकेंगी। ऑडिशन के दौरान प्रतिभागियों की प्रतिभा, उनके बोलने का अंदाज और रैंप वॉक की परीक्षा के साथ विशेषज्ञों की टीम आवश्यक टिप्स भी देगी। ऑडिशन में आने वाले प्रतिभागियों को अपनी एक फोटो साथ लेकर आना होगा।


कैनेडा वीज़ा 5/5.5/6 Band

25 LATEST VISA प्राप्त हुए देखो व फिर अप्लाई करें।

- पिछले दो दिनों में कैनेडियन एम्बेसी की तरफ से VCC ने मई Intake मे 25 वीज़े प्राप्त किए है।
- कुछ मोडियूल में 4/4.5 बैंड होने के बाद भी बच्चों को वीज़ा प्राप्त हुए।
- स्टडी में 4-5 वर्षों का GAP भी मनजूर
- Govt. Board अधीन कम फीस में दाखिला।
- कैनेडा के Expert से सिधी फाईल तैयार करवाएं।

V C C 90562-40777


# दो युवक खरीदारी के बहाने दो मोबाइल ले भागे, एक पकड़ा



संजय गांधी चौक पर अग्रवाल मोबाइल शॉप में चोरी की जांच करते पुलिस कर्मी।

भास्कर न्यूज | रतिया

संजय गांधी चौक पर अग्रवाल मोबाइल की दुकान पर दो युवक दो मोबाइल लेकर भाग गए। मोबाइल की कीमत 60 हजार बताई गई है। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। दुकानदार ने मोबाइल देने से पहले उनका मोबाइल नंबर नोट दिया था, जिसके आधार पर पुलिस ने एक युवक को पकड़ लिया है।

दुकानदार पप्पू जिंदल ने बताया कि मंगलवार शाम को एक कार में सवार दो युवक उसकी दुकान पर आए। दोनों ने मोबाइल दिखाने को कहा। उसने उन्हें एप्पल कंपनी का मोबाइल मांगा, फिर एमआई कंपनी का। उसने दोनों मोबाइल दिखाए।

इस बीच वह युवक मोबाइल लेकर बोले कि गाड़ी में रखकर पैसे देते हैं। लेकिन वह गाड़ी लेकर भाग गए। उसने पीछा किया, लेकिन वह दूर जा चुके थे। इस बीच उसने एक युवक का मोबाइल नंबर लिया था। उस नंबर को पुलिस को दे दिया। पुलिस ने नंबर के आधार पर एक युवक को पकड़ लिया। बाकी पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सिंगल रोड पर एक साथ चलते हैं 3-4 गैस टैंकर, हादसों से खफा ग्रामीणों ने रुकवाए

### ग्रामीणों ने हिजरावां कलां के पास टैंकरों को रुकवा प्रदर्शन किया



फतेहाबाद। हिजरावां रोड पर से टैंकर गुजरने की सूचना मिलने पर जमा हुए ग्रामीण, इनका रुट बदलने की ग्रामीणों द्वारा पहले से ही मांग की जा रही है।

भास्कर न्यूज | फतेहाबाद

गैस टैंकरों की आवाजाही के कारण हो रहे हादसों से गुस्साए ग्रामीणों ने गांव हिजरावां कलां के पास टैंकरों को रुकवा लिया और रोष प्रदर्शन किया। सूचना मिलते ही सदर थाना प्रभारी रमेश कुमार ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को शांत करवाकर गैस टैंकरों को रवाना करवाया।

पंचायत समिति चेयरपर्सन प्रतिनिधि मुख्त्यार सिंह, सतपाल बाजीगर, सुरजीत सिंह, जसबीर सिंह, रणजीत, गुरप्रीत, रुपेश, मलकीत व गुरमीत बाजीगर आदि ने बताया कि पानीपत गैस प्लांट से खाली टैंकर बठिंडा प्लांट में गैस भरवाने के लिए जाते है। ग्रामीणों का कहना है कि रुट के अनुसार गैस टैंकर चालकों को पानीपत से सिरसा के रास्ते बठिंडा जाना चाहिए, लेकिन शॉर्टकट के लिए चालक 3-4 टैंकरों को एक साथ फतेहाबाद के हांसपुर रोड से होते हुए सरदूलगढ़ के रास्ते बठिंडा जाते है।

हांसपुर रोड से हिजरावां कलां जाने वाला मार्ग केवल 16 फुट का सिंगल मार्ग है। टैंकरों के कारण अन्य वाहनों को साइड नहीं मिलती है और आपात स्थिति में इन टैंकरों की जल्द ब्रेकर नहीं लगती। ग्रामीणों का कहना है कि इन टैंकरों के कारण गांव के पास कई हादसे हो चुके है। इसी से खफा ग्रामीणों ने पैट्रोल पंप के पास गैस टैंकरों को रुकवा लिया और साथ लगते खाली प्लाट में खड़ा करवा दिया।

सूचना मिलते पर सदर थाना प्रभारी रमेश कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को शांत करवाकर गैस टैंकरों को रवाना करवाया।

### प्रशासन नहीं कर रहा टैंकरों की आवाजाही बंद

ग्रामीणों का कहना है कि ब्लाक समिति चेयरपर्सन मुख्त्यार सिंह के नेतृत्व में आसपास के गांवों के सरपंचों ने पिछले महीने उपायुक्त डॉ. हरदीप सिंह से मुलाकात की थी। डीसी को बताया था कि सड़क कम चौड़ी होने व सिंगल रुट होने से टैंकरों के कारण हादसे हो रहे हैं। इसलिए टैंकरों का रुट बदला जाए। लेकिन अभी तक प्रशासन ने इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाएं है। सदर थाना प्रभारी के समझाने के बाद मंगलवार को ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल डीसी से पुनः मिलेगा।


भारतीय वायु सेना Join करने का सुनहरा अवसर

Achievers




डिफेंस एकेडमी

कक्षाएं शुरू

100% सफलता की गारंटी

AIRFORCE (X & Y GROUP)

Coaching + Psychological Test + GD Physical Fitness Test की तैयारी एक साथ)

योग्यता:-

X-Group (10+2 Non Medical)

Y-Group (10+2 Any Stream)

50% से अधिक अंक वाले विद्यार्थियों के लिए पहली बार सुनहरा मौका!!!

तैयारी ONLINE TEST द्वारा

फार्म भरने की अंतिम दिनांक 12 जनवरी, 2018

परीक्षा दिनांक 10-11 मार्च, 2018

कदम बढ़ाओ साथ में, सफलता रहेगी हाथ में...

HOSTEL सुविधा उपलब्ध है

गली नं. 2, ऋषि नगर, हिसार 9812872777, 9812556856


### काजला हेड के पास मिला शव, अनिल की पत्नी जेल भेजी, प्रेमी रिमांड के बाद आज किया जाएगा कोर्ट में पेश

# खुलासा: अनिल का मफलर से गला घोंट दिया था नहर में धक्का

भास्कर न्यूज | टोहाना

गीता कॉलोनी निवासी अनिल कुमार का शव एक माइनर से मिल गया है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है।

पुलिस ने आरोपी अमरजीत कौर को गिरफ्तार कर अदालत के आदेश पर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है जबकि उसके प्रेमी आरोपी विनोद उर्फ मोदी दो दिन के पुलिस रिमांड पर है। उसे बुधवार को अदालत में पेश किया जाएगा।



आरोपी विनोद को मीडिया के समक्ष पेश करते डीएसपी जोगेंद्र शर्मा, थाना प्रभारी प्रदीप कुमार।

### साजिश के तहत की गई अनिल की हत्या: शर्मा

डीएसपी जोगेंद्र शर्मा व थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि दोनों आरोपियों ने एक साजिश के तहत अनिल की हत्या की है। विनोद अनिल के घर आया तथा कहा कि उसकी किसी से लड़ाई हो गई है इसलिए वह उसके साथ चले। उसके बाद वह उसे यह बहाना बनाकर साथ ले गया था। फिर वह अनिल को हिसार रोड स्थित भाखड़ा नहर किनारे ले गया तथा वहां सुनसान जगह पर पहले उसने अनिल का अपने मफलर से गला घोंट दिया।

जब उसे यह विश्वास हो गया कि अनिल मर चुका है उसके शव को नहर में गिरा दिया। काम होने पर उसने फोन कर सारी घटना के बारे में अमरजीत कौर को सूचना दी जिसे उसके बेटे ने सुन लिया था। उसके बताने के बाद इस ब्लाइंड मर्डर का खुलासा हो गया। डीएसपी ने बताया कि रिमांड के दौरान आरोपी से हत्या में प्रयोग किया गया अनिल का बाइक तथा विनोद का मफलर बरामद कर लिया गया है।